Ramdev Chalisa Lyrics in Hindi English

Ramdev Chalisa Lyrics in Hindi

॥ दोहा ॥
श्री गुरु पद नमन करि,गिरा गनेश मनाय ।
कथूं रामदेव विमल यश,सुने पाप विनशाय ॥
द्वार केश से आय कर,लिया मनुज अवतार ।
अजमल गेह बधावणा,जग में जय जयकार ॥

॥ चौपाई ॥
जय जय रामदेव सुर राया ।अजमल पुत्र अनोखी माया ॥
विष्णु रूप सुर नर के स्वामी ।परम प्रतापी अन्तर्यामी ॥

ले अवतार अवनि पर आये ।तंवर वंश अवतंश कहाये ॥
संत जनों के कारज सारे ।दानव दैत्य दुष्ट संहारे ॥

परच्या प्रथम पिता को दीन्हा ।दूध परीण्डा मांही कीन्हा ॥
कुमकुम पद पोली दर्शाये ।ज्योंही प्रभु पलने प्रगटाये ॥

परचा दूजा जननी पाया ।दूध उफणता चरा उठाया ॥
परचा तीजा पुरजन पाया ।चिथड़ों का घोड़ा ही साया ॥

परच्या चौथा भैरव मारा ।भक्त जनों का कष्ट निवारा ॥
पंचम परच्या रतना पाया ।पुंगल जा प्रभु फंद छुड़ाया ॥

परच्या छठा विजयसिंह पाया ।जला नगर शरणागत आया ॥
परच्या सप्तम् सुगना पाया ।मुवा पुत्र हंसता भग आया ॥

परच्या अष्टम् बौहित पाया ।जा परदेश द्रव्य बहु लाया ॥
भंवर डूबती नाव उबारी ।प्रगत टेर पहुँचे अवतारी ॥

नवमां परच्या वीरम पाया ।बनियां आ जब हाल सुनाया ॥
दसवां परच्या पा बिनजारा ।मिश्री बनी नमक सब खारा ॥

परच्या ग्यारह किरपा थारी ।नमक हुआ मिश्री फिर सारी ॥
परच्या द्वादश ठोकर मारी ।निकलंग नाड़ी सिरजी प्यारी ॥

परच्या तेरहवां पीर परी पधारया ।ल्याय कटोरा कारज सारा ॥
चौदहवां परच्या जाभो पाया ।निजसर जल खारा करवाया ॥

परच्या पन्द्रह फिर बतलाया ।राम सरोवर प्रभु खुदवाया ॥
परच्या सोलह हरबू पाया ।दर्श पाय अतिशय हरषाया ॥

परच्या सत्रह हर जी पाया ।दूध थणा बकरया के आया ॥
सुखी नाडी पानी कीन्हों ।आत्म ज्ञान हरजी ने दीन्हों ॥

परच्या अठारहवां हाकिम पाया ।सूते को धरती लुढ़काया ॥
परच्या उन्नीसवां दल जी पाया ।पुत्र पाय मन में हरषाया ॥

परच्या बीसवां पाया सेठाणी ।आये प्रभु सुन गदगद वाणी ॥
तुरंत सेठ सरजीवण कीन्हा ।उक्त उजागर अभय वर दीन्हा ॥

परच्या इक्कीसवां चोर जो पाया ।हो अन्धा करनी फल पाया ॥
परच्या बाईसवां मिर्जो चीहां ।सातो तवा बेध प्रभु दीन्हां ॥

परच्या तेईसवां बादशाह पाया ।फेर भक्त को नहीं सताया ॥
परच्या चैबीसवां बख्शी पाया ।मुवा पुत्र पल में उठ धाया ॥

जब-जब जिसने सुमरण कीन्हां ।तब-तब आ तुम दर्शन दीन्हां ॥
भक्त टेर सुन आतुर धाते ।चढ़ लीले पर जल्दी आते ॥

जो जन प्रभु की लीला गावें ।मनवांछित कारज फल पावें ॥
यह चालीसा सुने सुनावे ।ताके कष्ट सकल कट जावे ॥

जय जय जय प्रभु लीला धारी ।तेरी महिमा अपरम्पारी ॥
मैं मूरख क्या गुण तब गाऊँ ।कहाँ बुद्धि शारद सी लाऊँ ॥

नहीं बुद्धि बल घट लव लेशा ।मती अनुसार रची चालीसा ॥
दास सभी शरण में तेरी ।रखियों प्रभु लज्जा मेरी ॥

Ramdev Chalisa Lyrics in English

Dohā
Shri Guru Pad Naman Kari, Girā Ganesh Manāy.
Kathūn Rāmdev Vimal Yash, Sune Pāp Vināshay.
Dwaar Kesh Se Āy Kar, Liyā Manuj Avatār.
Ajmal Geh Badhāvnā, Jag Mein Jai Jai Kār.

Chaupāī
Jai Jai Rāmdev Sur Rāyā. Ajmal Putr Anokhī Māyā.
Vishnu Rūp Sur Nar Ke Swāmī. Param Pratāpī Antaryāmī.

Le Avatār Avanī Par Āye. Tanwar Vansh Avatansh Kahāye.
Sant Janon Ke Kāraj Sāre. Dānav Daity Dushṭ Sanhāre.

Parchā Pratham Pitā Ko Dīnhā. Doodh Parīṇḍā Mānhī Kīnhā.
Kumkum Pad Polī Darshāye. Jyonhi Prabhu Palne Pragṭāye.

Parchā Dūjā Jananī Pāyā. Doodh Uphanṭā Charā Uṭhāyā.
Parchā Tījā Purjan Pāyā. Chithṛon Kā Ghoṛā Hī Sāyā.

Parchā Chouthā Bhairav Māṛā. Bhakt Janon Kā Kaṣṭ Nivārā.
Pancham Parchā Ratnā Pāyā. Pungal Jā Prabhu Fand Chhūṛāyā.

Parchā Chhathā Vijay Singh Pāyā. Jalā Nagar Śaraṇāgat Āyā.
Parchā Saptam Sugnā Pāyā. Muwā Putr Hansat Bhag Āyā.

Parchā Aṣṭam Bouhit Pāyā. Jā Pardesh Dravy Bahu Lāyā.
Bhanwar Dūbtī Nāv Ubārī. Pragṭ Ter Pahunchē Avatārī.

Navam Parchā Vīram Pāyā. Banyā Ā Jab Hāl Sunāyā.
Daswā Parchā Pā Binjārā. Miśhrī Banī Namak Sab Khārā.

Parchā Gyārah Kripā Thārī. Namak Huā Miśhrī Phir Sārī.
Parchā Dvādash Ṭhokar Mārī. Niklaṅg Nāṛī Śīrjī Pyārī.

Parchā Tērahwān Pīr Parī Padhāryā. Lyāy Kaṭorā Kāraj Sārā.
Chaudahwān Parchā Jābhō Pāyā. Nijasar Jal Khārā Karvāyā.

Parchā Pandrah Phir Batlāyā. Rām Sarovar Prabhu Khudvāyā.
Parchā Solah Harbū Pāyā. Darś Pāy Atiśay Harṣāyā.

Parchā Satrah Har Jī Pāyā. Doodh Thanā Bakrayā Ke Āyā.
Sukhī Nāṛī Pānī Kīnhō. Ātm Jñān Harjī Ne Dīnhō.

Parchā Athārhwan Hākim Pāyā. Sūte Ko Dharatī Luṛhāyā.
Parchā Unnīswan Dal Jī Pāyā. Putr Pāy Man Mein Harṣāyā.

Parchā Bīswan Pāyā Sethānī. Āye Prabhu Sun Gadgad Vānī.
Turant Seth Sarjīvan Kīnhā. Ukt Ujāgar Abhay Var Dīnhā.

Parchā Ikkīswan Chōr Jo Pāyā. Ho Andhā Karṇī Phal Pāyā.
Parchā Baīswan Mirzo Chīhā. Sāto Tawā Bēdh Prabhu Dīnhā.

Parchā Teīswan Bādshāh Pāyā. Phir Bhakt Ko Nahīn Satāyā.
Parchā Chābīswan Bakshī Pāyā. Muwā Putr Pal Mein Uṭh Dhyāyā.

Jab-Jab Jisne Sumaraṇ Kīnhā. Tab-Tab Ā Tum Darśan Dīnhā.
Bhakt Ter Sun Ātur Dhāte. Chaṛh Līle Par Jaldi Āte.

Jo Jan Prabhu Kī Līlā Gāve. Manvāṅchit Kāraj Phal Pāve.
Yeh Chālīsā Sune Sunāve. Tāke Kaṣṭ Sakal Kaṭ Jāve.

Jai Jai Jai Prabhu Līlā Dhārī. Teri Mahimā Aparmpārī.
Main Mūrkh Kyā Gun Tab Gāūn. Kahān Buddhi Śhārad Sī Lāūn.

Nahīn Buddhi Bal Ghaṭ Lav Leśā. Matī Anusār Rachī Chālīsā.
Dās Sabhī Śaraṇ Mein Terī. Rakhiyo Prabhu Lajjā Merī.

About Ramdev Chalisa in English

Ramdev Chalisa is a devotional hymn dedicated to Lord Ramdev, a revered saint and spiritual figure in Rajasthan, India. Lord Ramdev is known for his divine powers, compassion, and his role in serving the people and helping them overcome challenges in life. He is believed to be an incarnation of Lord Vishnu and is widely worshipped by people seeking relief from hardships, protection from evil, and blessings for prosperity.

The Ramdev Chalisa consists of 40 verses that praise Lord Ramdev’s virtues, divine qualities, and miraculous powers. The hymn recounts his role in overcoming obstacles for his devotees, emphasizing his grace and love. Lord Ramdev is regarded as a protector of the poor and downtrodden, and the Chalisa reflects his deep connection with the spiritual and earthly realms.

Devotees chant the Ramdev Chalisa to invoke the Lord’s blessings for success, peace, and protection. It is believed that by reciting this hymn with devotion, one can gain relief from financial troubles, health issues, and other personal challenges. The Ramdev Chalisa also serves as a tool to strengthen one’s faith, bring mental peace, and foster a deeper connection with the divine. It is

widely recited during religious gatherings, festivals, and personal prayers.

About Ramdev Chalisa in Hindi

रामदेव चालीसा एक भक्ति गीत है, जो राजस्थान के प्रसिद्ध संत और भगवान रामदेव को समर्पित है। भगवान रामदेव को विष्णु का अवतार माना जाता है और वे विशेष रूप से उनके भक्तों के दुखों को दूर करने और उन्हें संकटों से उबारने के लिए पूजे जाते हैं। वे गरीबों और दुखियों के रक्षक माने जाते हैं और उनकी कृपा से भक्तों को समृद्धि, शांति और सफलता मिलती है।

रामदेव चालीसा 40 चौपाइयों में बंटी हुई है, जो भगवान रामदेव के गुणों, उनकी दिव्य शक्तियों और उनके द्वारा किए गए चमत्कारी कार्यों का वर्णन करती है। यह चालीसा भगवान रामदेव की कृपा और उनके प्रति श्रद्धा व्यक्त करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। चालीसा में भगवान रामदेव को उनके अद्वितीय रूप, उनके कष्टहरण और उनके भक्तों के प्रति दया भाव के रूप में बताया गया है।

यह चालीसा विशेष रूप से उन भक्तों द्वारा पढ़ी जाती है, जो जीवन में कठिनाइयों, मानसिक तनाव, और पारिवारिक समस्याओं का सामना कर रहे होते हैं। माना जाता है कि इस चालीसा का पाठ करने से भगवान रामदेव की कृपा प्राप्त होती है और जीवन में सुख-शांति और समृद्धि आती है।